इस प्रश्न–पत्र में **24** मुद्रित पृष्ठ हैं । जिस में नए पाठ्यक्रम के **32** प्रश्न एवं पुराने पाठ्यक्रम के **26** [खण्ड–अ **(20)** + खण्ड–ब **(3+3)**] प्रश्न हैं।
This Question Paper consists **24 pages.** Of this **32 questions** for **New** syllabus and **26 questions** [(Section-A(**20**) + Section-B (**3+3**)] for **Old** syllabus.

Roll No. / अनुक्रमांक

Code No. : 52/ASS/4– A
कोड नं.

ECONOMICS
(अर्थशास्त्र)
(318)

Day and Date of Examination ____________________
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators **1.** ____________________
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ____________________

General Instructions :

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3 Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4 Write your Question Paper Code No. **52/ASS/4, Set– A** on the answer-book.
5 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.
(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1 परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
2 कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
3 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।
4 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **52/ASS/4, सेट- A** लिखें ।
5 (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं:
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।
कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।
(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers - one based on revised study material marked as **"New Syllabus"** and the other based on pre-revised study material marked as **"Old Syllabus"**.

2. **New Syllabus** is compulsory for those who have registered for 2015-16 (Block-I) admission. (Those who are appearing in March-2016 under **"New Syllabus".**)

3. **Old Syllabus** is compulsory for those who had registered before 2015-16 (Block-I) admission.

4. Answer only one Question Paper from given two Question papers.

5. Learners are not allowed to mix questions from the two given Question Papers.

महत्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्नपत्र पुस्तिका में दो प्रश्नपत्र हैं : एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**नया पाठ्यक्रम**' अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**पुराना पाठ्यक्रम**' अंकित है ।

2. **नया पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2015-16 (ब्लॉक–I) में हुआ है । (जो मार्च 2016 में '**नए पाठ्यक्रम**' के अंतर्गत परीक्षा में बैठने जा रहे हैं ।)

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2015-16 (ब्लॉक–I) के पहले हुआ है ।

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्नपत्रों में से केवल एक प्रश्नपत्र से ही उत्तर लिखें ।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्नपत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है ।

NEW

ECONOMICS

(अर्थशास्त्र)

(318)

New Syllabus / नया पाठ्यक्रम

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : **100**

Note : (1) **All** questions are **compulsory.**

(2) Marks allotted to each question are indicated against it.

(3) Each question from question No. 1 to 10 has four alternatives (A), (B), (C) and (D) out of which one is most appropriate. Choose the correct answer among the four alternatives and write it in your answer book against the Number of the question No. separate time is allotted for attempting multiple choice questions.

निर्देश : (1) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं ।

(3) प्रश्न नं. 1 से 10 में सभी प्रश्नों में चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिये गये है, जिनमें एक सही है । चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनिये और अपनी उत्तरपुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सामने लिखिये । बहुवैकल्पिक प्रश्नों के लिये अतिरिक्त समय नहीं दीया जायेगा ।

1 The coefficient of correlation ranges between : 1

(A) 0 and 1

(B) –1 and +1

(C) minus infinity and plus infinity

(D) 1 and 100

सह–संबंध गुणांक का विस्तार इनके बीच होता है :

(A) 0 तथा 1

(B) –1 तथा +1

(C) ऋणात्मक अनंत और धनात्मक अनंत

(D) 1 और 100

2 Total expenditure on a commodity rises, when its price rises. Demand for the commodity will be : 1

(A) Unit elastic

(B) More than unit elastic

(C) Less than unit elastic

(D) Perfectly elastic

किसी वस्तु की कीमत बढ़ने पर उस पर किये जाने वाले कुल व्यय में वृद्धि हो जाती है । वस्तु की मांग होगी :

(A) इकाई के बराबर लोचदार

(B) इकाई से अधिक लोचदार

(C) इकाई से कम लोचदार

(D) पूर्णतया लोचदार

3 Total fixed cost is Rs. 100 and Total variable cost of producing 10 units of a commodity is Rs. 200. Average Total cost of producing 10 units will be : 1

(A) 10 (B) 20

(C) 30 (D) 200

कुल स्थिर लागत 100 रु. है तथा 10 इकाई का उत्पादन करने की कुल परिवर्ती लागत 200 रु. है । 10 इकाई का उत्पादन करने की औसत कुल लागत होगी :

(A) 10 (B) 20

(C) 30 (D) 200

4 Marginal Cost equals Average Total Cost when Average Total Cost is : 1

(A) Minimum

(B) Maximum

(C) Falling

(D) Rising

सीमान्त लागत औसत कुल लागत के बराबर होती है, जब औसत कुल लागत :

(A) न्यूनतम होती है

(B) अधिकतम होती है

(C) कम हो रही होती है

(D) बढ़ रही होती है

5 By deducting intermediate consumption expenditure and net indirect taxes from value of output, we set : 1

(A) Net value added at factor cost

(B) Net value added at market price

(C) Gross value added at factor cost

(D) Gross value added at market price

उत्पादन के मूल्य में से मध्यवर्ती उपभोग व्यय तथा निवल अप्रत्यक्ष कर घटाने पर हमें प्राप्त होता है :

(A) साधन लागत पर निवल मूल्य वृद्धि

(B) बाजार कीमत पर निवल मूल्य वृद्धि

(C) साधन लागत पर सकल मूल्य वृद्धि

(D) बाजार कीमत पर सकल मूल्य वृद्धि

6 The expenditure in goods and services purchased for resale by production unit, is : 1

(A) Intermediate cost (B) Value of final products

(C) Value of output (D) Factor cost

एक उत्पादन इकाई द्वारा पुनः विक्रय के लिये वस्तु और सेवाओं की खरीद पर व्यय होता है :

(A) मध्यवर्ती लागत (B) अन्तिम उत्पादों का मूल्य

(C) उत्पादन का मूल्य (D) साधन लागत

7 Domestic income will be more than national income, when net factor income from abroad is : 1

(A) Positive (B) Zero

(C) Negative (D) More than domestic income

घरेलू आय राष्ट्रीय आय से अधिक होगी जब विदेशों से निवल साधन आय है :

(A) धनात्मक (B) शून्य

(C) ऋणात्मक (D) घरेलू आय से अधिक

8 At equilibrium level of national income : 1

(A) Aggregate demand > Value of total output

(B) Aggregate demand < Value of total output

(C) Investment > Saving

(D) Aggregate demand = Value of total output

राष्ट्रीय आय के संतुलन स्तर पर :

(A) समग्र मांग > कुल उत्पादन का मूल्य

(B) समग्र मांग < कुल उत्पादन का मूल्य

(C) निवेश > बचत

(D) समग्र मांग = कुल उत्पादन का मूल्य

9 Which one of the following is a measure to correct excess demand in the economy ? **1**

(A) Increase in rate of taxes

(B) Buying of government securities by control bank from commercial banks

(C) Decrease in variable reserve ratio

(D) Increase in bank rate.

अर्थव्यवस्था में मांग के आधिक्य को ठीक करने के लिये निम्नलिखित में से कौन सा उपाय है ?

(A) करों की दरों में वृद्धि

(B) केन्द्रीय बैंक द्वारा व्यवसायिक बैंकों से सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदना

(C) परिवर्तनशील कोष अनुपात में कमी

(D) बैंक दर में वृद्धि

10 In an economy, level of income in Rs. 10,000 crores and at this level of income, consumption expenditure is Rs. 7,000 crores. Value of APS is : **1**

(A) 0.7 (B) 0.3

(C) 1.4 (D) None of the above

एक अर्थव्यवस्था में, आय का स्तर 10,000 करोड़ रु. है तथा आय के इस स्तर पर उपभोग व्यय 7,000 करोड़ रुपये है । औसत बचत प्रवृत्ति का मूल्य है :

(A) 0.7 (B) 0.3

(C) 1.4 (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

11 Find the Spearman's coefficient of correlation from the following data : **3**

X :	50	55	60	65	70	62	58	66	51	57
Y :	13	15	16	18	20	14	17	19	21	22

निम्नलिखित आंकड़ों से स्पीयरमैन का सह–संबंध गुणांक ज्ञात कीजिये :

X :	50	55	60	65	70	62	58	66	51	57
Y :	13	15	16	18	20	14	17	19	21	22

12 State any **three** differences between Micro-economics and Macro-economics. **3**

व्यष्टि अर्थशास्त्र तथा समष्टि अर्थशास्त्र में कोई **तीन** अन्तर बताइए ।

13 How is the price elasticity of demand of a commodity affected by availability of its close substitution ? Explain. **3**

किसी वस्तु की मांग की कीमत लोच उसकी निकट स्थानापन्न वस्तुओं की उपलब्धता से किस प्रकार प्रभावित होती है ? समझाइये ।

14 How is the supply of a commodity affected by the change in price of other related goods ? Explain. **3**

किसी वस्तु की आपूर्ति अन्य सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत में परिवर्तन होने से किस प्रकार प्रभावित होती है ? समझाइये ।

15 Market price of a commodity is higher than the equilibrium price. Explain the chain of effects till the market reaches equilibrium. 3

किसी वस्तु की बाजार कीमत उसकी संतुलन कीमत से अधिक है । बाजार के संतुलन में आने तक इसके कारण होने वाले प्रभावों की शृंखला को समझाइये ।

16 From the data given below, Calculate Gross Value added at factor cost : 3

Rs. (in thousand)

(i) Decrease in stock 30

(ii) Sales 400

(iii) Consumption of fixed capital 20

(iv) Intermediate consumption expenditure 150

(v) Indirect taxes 30

(vi) Subsidies 10

निम्नलिखित आंकड़ों से साधन लागत पर सकल मूल्य वृद्धि की गणना कीजिए :

रु. (हजार में)

(i) स्टॉक में कमी 30

(ii) बिक्री 400

(iii) अचल पूँजी का उपभोग 20

(iv) मध्यवर्ती उपभोग व्यय 150

(v) अप्रत्यक्ष कर 30

(vi) आर्थिक सहायता 10

17 What are transfer incomes ? How are they treated in the estimation of national income ? Give **one** example of such incomes. 3

हस्तांतरण आय क्या होती हैं ? राष्ट्रीय आय के आकलन में इन्हें किस प्रकार व्यवहार में लाया जाता है ? ऐसी आय का **एक** उदाहरण दीजिए ।

18 In an economy, investment increases by Rs. 400 crores and MPC in 0.8. Calculate total increase in income in the economy. 3

एक अर्थव्यवस्था में निवेश में 400 करोड़ रु. की वृद्धि हो जाती है और MPC 0.8 है । अर्थव्यवस्था में होने वाली आय में कुल वृद्धि की गणना कीजिए ।

19 How do the commercial banks create credit ? Explain with the help of a numerical example. 3

वाणिज्य बैंक साख का सृजन कैसे करते हैं ? एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से समझाइये ।

20 Distinguish between Revenue receipts and Capital receipts in a government budget. Give **one** example of each. 3

सरकार के बजट में राजस्व प्राप्तियां तथा पूँजीगत प्राप्तियों में भेद कीजिए । प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए ।

21 State the steps involved in calculation of standard deviation in continuous series by assumed mean method. 4

कल्पित माध्य विधि द्वारा अखंडित श्रेणी में मानक विचलन की गणना करने में प्रयुक्त चरणों का उल्लेख कीजिए ।

22 Explain the central problem 'What to produce' with the help of an example. 4

एक उदाहरण की सहायता से 'क्या उत्पादन किया जाए' केन्द्रीय समस्या समझाइये ।

23 Explain any **two** reasons responsible for the operation of law of demand. 4

मांग के नियम की क्रियाशीलता के लिये उत्तरदायी किन्हीं **दो** कारणों की व्याख्या कीजिए ।

24 If the price of a commodity rises by 20% and as a result, its quantity supplied increases from 100 units to 125 units, calculate price elasticity of supply of the commodity. 4

यदि एक वस्तु की कीमत में 20% की वृद्धि होती है और परिणामस्वरूप इसकी आपूर्ति की मात्रा 100 इकाई से बढ़कर 125 इकाई हो जाती है, तो वस्तु की आपूर्ति की कीमत लोच की गणना कीजिए ।

25 What is meant by 'Monopolistic Competition' ? Describe any **three** main characteristics of monopolistic competition. 4

'एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता' से क्या अभिप्राय है ? एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता की किन्हीं **तीन** मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

26 What is Marginal Propensity to Consumer (MPC) ? How is it related to Marginal Propensity to Save (MPS) ? 4

सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति क्या होती है ? सीमान्त बचत प्रवृत्ति से यह किस प्रकार संबंधित है ?

27 The following data provide the information about weekly wages of 100 workers in a firm. Calculate arithmetic mean by using step deviation method : **6**

Wages (Rs.) :	300 – 400	400 – 500	500 – 600	600 – 700	700 – 800	800 – 900
No. of workers :	10	10	30	15	15	20

निम्नलिखित आंकड़े एक कर्म के कर्मचारियों की साप्ताहिक मजदूरी के बारे में सूचना प्रदान करते हैं । यह विचलन विधि का प्रयोग करते हुए अंकगणितीय माध्य की गणना कीजिए :

मजदूरी (रु.) :	300 – 400	400 – 500	500 – 600	600 – 700	700 – 800	800 – 900
कर्मचारीयों की संख्या :	10	10	30	15	15	20

28 What are index numbers ? What are the issues to be kept in mind in the construction of index numbers ? **6**

सूचकांक क्या होते हैं ? सूचकांकों को बनाते समय किन बातों को ध्यान में रखना चाहिये ?

29 Explain any **three** properties of indifference curves. **6**

अनधिमान वक्रों के किन्हीं **तीन** गुणों की व्याख्या कीजिए ।

30 Explain the relationship between Total Product, Average Product and Marginal Product. **6**

कुल उत्पाद, औसत उत्पाद तथा सीमान्त उत्पाद में संबंध की व्याख्या कीजिये ।

31 From the data given below, calculate : (a) National income, and (b) Gross National disposable income. **6**

Rs. (in Crores)

(i) Net indirect taxes 100

(ii) Wages and Salaries 700

(iii) Employer's contribution to Social Security Schemes 10

(iv) Consumption of fixed capital 150

(v) Rent 70

(vi) Mixed income of self employed 500

(vii) Net factor income from abroad .... (–) 20

(viii) Interest 120

(ix) Profit 300

(x) Net current transfers from rest of the world 30

निम्नलिखित आंकड़ों से (a) राष्ट्रीय आय, तथा (b) सकल राष्ट्रीय प्रायोज्य आय की गणना कीजिए :

रु. (करोड़ में)

(i) निवल अप्रत्यक्ष कर 100

(ii) मजदूरी और वेतन 700

(iii) नियोजकों का सामाजिक सुरक्षा योजना में योगदान 10

(iv) अचल पूँजी का उपयोग 150

(v) लगान 70

(vi) स्वनियोजितों की मिश्रित आय 500

(vii) विदेशों से निवल साधन आय .... (–)20

(viii) ब्याज 120

(ix) लाभ 300

(x) शेष विश्व से निवल चालू हस्तांतरण 30

32 What is money ? Describe the 'Store of Value' and 'Standard of Deferred Payments' functions of money. **6**

मुद्रा क्या होती है ? मुद्रा के 'मूल्य का संग्रह' तथा 'स्थगित भुगतानों का मापक' कार्यों का वर्णन कीजिए ।

OLD

ECONOMICS

(अर्थशास्त्र)

(318)

Old Syllabus / पुराना पाठ्यक्रम

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

Note : (i) This Question Paper consists of **two** Sections, viz., '**A**' and '**B**'.

(ii) ***All*** questions from Section '**A**' are to be attempted.

(iii) Section '**B**' has got more than ***one*** options. Candidates are required to attempt questions from ***one option*** only.

निर्देश : (i) इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं – खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब' ।

(ii) खण्ड 'अ' के सभी प्रश्नों को हल करना है ।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं । परीक्षार्थियों को केवल एक विकल्प के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

SECTION - A

खण्ड – अ

1 Distinguish between intermediate cost and factor cost. **2**

मध्यवर्ती लागत और साधन लागत में भेद कीजिए ।

2 What is meant by normal resident ? **2**

सामान्य निवासी का क्या अर्थ होता है ?

3 What is included in compensation of employees ? **2**

कर्मचारियों को प्रतिफल में शामिल किया जाता है ?

4 What is the basis of classifying services into consumer services and producer services ? **2**

सेवाओं को उपभोक्ता सेवाओं और उत्पादक सेवाओं में वर्गीकृत करने का क्या आधार होता है ?

5 Define capital formation. **2**

पूँजी निर्माण की परिभाषा दीजिए ।

6 Give **two** examples each of single use and durable use producer goods. **2**

एकीय उपयोग और टिकाऊ उपयोग उत्पादक वस्तुओं के **दो दो** उदाहरण दीजिए ।

7 A firm's opening stock is 500 and closing stock is 300. Calculate its stock investment. **2**

एक फर्म का प्रारम्भिक स्टॉक 500 है और अन्तिम स्टॉक 300 है । इसका स्टॉक निवेश ज्ञात कीजिए ।

8 Give the meaning of statistics in plural sense. **2**

बहुवचन के रूप में सांख्यिकी का अर्थ बताइए ।

9 State the law of supply. **2**

आपूर्ति का नियम बताइए ।

10 Complete the following table : **5**

निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए :

Output (units) उत्पादन (इकाइयाँ)	**Average Cost (Rs.)** औसत लागत (रु.)	**Marginal cost (Rs.)** सीमान्त लागत (रु.)
1	20	---
2	19	---
3	19	---
4	20	---
5	21	---

11 Calculate National income from the following data : **5**

Rs. (in crores)

(i) Compensation of employees 3000

(ii) Rent 500

(iii) Interest 600

(iv) Depreciation 50

(v) Factor income from abroad 60

(vi) Factor income to abroad 80

(vii) Profit 1000

(viii) Mixed income 4000

(ix) Net indirect taxes 500

निम्नलिखित आंकड़ों से राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए :

रु. (करोड़ों में)

(i) कर्मचारियों का पारिश्रमिक 3000

(ii) किराया 500

(iii) ब्याज 600

(iv) मूल्य ह्रास 50

(v) विदेशों से साधन आय 60

(vi) विदेशों को साधन आय 80

(vii) लाभ 1000

(viii) मिश्रित आय 4000

(ix) निवल अप्रत्यक्ष कर 500

12 Define bank rate. How is it used in regulating money supply ? Explain. 5

बैंक दर की परिभाषा दीजिए । मुद्रापूर्ति के नियमन के लिए इसका किस प्रकार उपयोग किया जाता है ? समझाइए ।

13 Calculate "Net value added at factor cost" from the following data : 5

Rs. (in crores)

(i) Depreciation 20

(ii) Opening stock 30

(iii) Sales 200

(iv) Intermediate consumption expenditure 100

(v) Closing stock 10

(vi) Subsidies 15

(vii) Net indirect taxes 35

निम्नलिखित आंकड़ों से "साधन लागत पर मूल्य वृद्धि" का परिकलन कीजिए :

रु. (करोड़ो में)

(i) मूल्य ह्रास 20

(ii) प्रारम्भिक स्टॉक 30

(iii) बिक्री 200

(iv) मध्यवर्ती उपभोग व्यय 100

(v) अन्तिम स्टॉक 10

(vi) आर्थिक सहायता 15

(vii) निवल अप्रत्यक्ष कर 35

14 Explain the meaning of economic planning in Indian context. Why did India adopt it for economic development ? 5

भारत के संदर्भ में आर्थिक नियोजन का अर्थ समझाइए। आर्थिक विकास के लिए भारत ने इसे क्यों अपनाया ?

15 Arrange the following information in a tabular form : 5

In a college, there are 300 science students and 200 arts students. 30 percent of the students are girls. 250 science students are boys.

निम्नलिखित सूचना को एक तालिक के रूप में दिखाइए :

एक महाविद्यालय में 300 विज्ञान के विद्यार्थी हैं और 200 कला के विद्यार्थी । कुल विद्यार्थियों में 30 प्रतिशत लड़कियाँ हैं । 250 लड़के विज्ञान के विद्यार्थी हैं ।

16 Explain the problem of 'How to produce' with the help of an example. 5

एक उदाहरण की सहायता से 'कैसे उत्पादन करें' की समस्या की व्याख्या कीजिए ।

17 Describe any **four** points of impact of economic planning on Indian economy. 8

भारतीय अर्थव्यवस्था पर आर्थिक नियोजन के प्रभाव के कोई **चार** बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।

18 Calculate arithmetic mean by 'step deviation method' : **8**

पद विचलन विधि द्वारा अंकगणितीय माध्य का परिकलन कीजिए :

Class **वर्ग**	**Frequency** **आवृत्ति**
0-20	30
20-40	60
40-60	45
60-80	15

19 Define fiscal deficit. State the **three** ways of financing it. What is the effect of each of these ways on money supply ? **8**

राजकोषीय घाटे की परिभाषा दीजिए ? इसके वित्तपोषण के **तीन** तरीके बताइए। इनमें से प्रत्येक तरीके का मुद्रापूर्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

20 Explain the effect of "decrease" in supply of a commodity on its equilibrium price, quantity demanded and supplied. **8**

एक वस्तु की आपूर्ति में ''कमी'' के उसकी संतुलन कीमत, माँग–मात्रा और आपूर्ति मात्रा पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए ।

SECTION – B

खण्ड – ब

OPTION – I

विकल्प – I

(Role of Agriculture and Industry in India's Economic Development)

(भारत के आर्थिक विकास में कृषि और उद्योग की भूमिका)

21 What is meant by intensive cultivation ? **2**

गहन कृषि क्या होती है ?

22 Explain any **two** points of importance of public sector in India. **5**

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के महत्व के किन्हीं **दो** बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए ।

23 Explain any **four** main causes of low agricultural productivity in India. **8**

भारत में कृषि उत्पादिता कम होने के कोई **चार** मुख्य कारणों की व्याख्या कीजिए ।

OPTION – II

विकल्प – II

(Population and Economic Development)

(जनसंख्या और आर्थिक विकास)

21 Define population. When was last census of population conducted in India ? **2**

जनसंख्या की परिभाषा दीजिए । भारत में पिछली जनगणना कब की गई थी ?

22 Explain any **two** main causes of population problem in India. **5**

भारत में जनसंख्या की समस्या के किन्हीं **दो** मुख्य कारणों की व्याख्या कीजिए ।

23 Explain the effects of high rate of growth of population on human resources. **8**

जनसंख्या की ऊँची वृद्धि दर के मानवीय संसाधनों पर प्रभावों की व्याख्या कीजिए ।